8-4/CSU/ Acd./A.C./2022/495

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Central Sanskrit University
जनकपुरी, नई दिल्ली–58
Jankpuri, New Delhi-58

दिनांक- 28/09/2022

अधिसूचना/Notification

विषयः - अनुसन्धान केन्द्र (Research Center) की मान्यता हेतु आवेदन के संबंध में।

विद्वत्परिषद् की सप्तम बैठक दिनांक 26 मई, 2022 के कार्यवृत्त के अनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा अनुसन्धान केन्द्र (Research Center) की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसे कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 27-05-2022 के द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। इस संदर्भ में सूचनीय है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसर/समबद्ध महाविद्यालय/आदर्श महाविद्यालय/शोध संस्थान एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाएं, "अनुसन्धान केन्द्र (Research Center)" की मान्यता हेतु सशुल्क आवेदन कर सकती हैं।

शुल्क का विवरण निम्नवत् है: -

आवेदन शुल्क - रु0 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र)
मान्यता शुल्क केवल एक बार- रु 50,000/- (पचास हजार मात्र)
प्रतिवर्ष मान्यता प्रतिधारण शुल्क - 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र)

जिन परिसर/महाविद्यालय/आदर्श महाविद्यालय/शोध संस्थानों ने पूर्व में मान्यता प्राप्त की है उन्हें भी आवेदन करना अनिवार्य है। परन्तु उनके लिए मान्यता शुल्क का प्रावधान नहीं है।

यह अधिसूचना सक्षम अधिकारी की अनुमति से निर्गत की गई है।

B. Biswal 28/09/2022
(प्रो. बनमाली बिश्वाल)
अधिष्ठाता (शैक्षणिक मा.)

प्रतिः-

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. निदेशक, सभी परिसर/अन्य सम्बद्ध महाविद्यालय/आदर्श महाविद्यालय/शोध संस्थान
4. शोध अधिष्ठाता ।
5. परियोजना अधिकारी (वेबसाइट में अपलोड हेतु)